अमर उजाला


Date: 22.07.2025

# बीबीए की 80.68, एलएलबी की 64 प्रतिशत पहुंची मेरिट

## सीआरएस विश्वविद्यालय में स्नातक कोर्सों की पहली सूची जारी

संवाद न्यूज एजेंसी

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में लिखित परीक्षा के आधार पर सत्र 2025-26 के प्रवेश के लिए सोमवार को पहली मेरिट सूची जारी की गई। स्नातक स्तर कोर्स में दाखिले को लेकर भी आवेदन प्रक्रिया के पश्चात पहली मेरिट सूची (एकेडमिक मेरिट) के आधार पर की गई है।




इस मेरिट सूची में जिन छात्र-छात्राओं का स्थान आया है, उन आवेदनकर्ताओं के प्रमाण पत्र सत्यापन और शुल्क फीस जमा करने की तिथि 22 जुलाई तक रहेगी।

मेरिट के अनुसार आवेदनकर्ता 22 जुलाई को विश्वविद्यालय पहुंचकर अपने दस्तावेजों को प्रमाण पत्र सत्यापन कराकर निर्धारित शुल्क जमा करके प्रवेश ले सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया एडमिशन से संबंधित कोई भी समस्या आने पर हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

पब्लिक रिलेशन ऑफिसर डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि आवेदनकर्ता प्रमाण पत्र सत्यापन के लिए सभी दस्तावेज लेकर आना जरूरी है। प्रथम मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले आवेदनकर्ताओं को 22 जुलाई शाम 4 बजे तक कागजातों के सत्यापन और फीस जमा कराना जरूरी है।



दाखिला प्रक्रिया को लेकर कागजात सत्यापन करते छात्र-छात्राएं। स्रोत : विवि

### बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए)

| | |
|---|---|
| जनरल कैटेगरी की कट ऑफ | 80.68 प्रतिशत |
| बीसीए कैटेगरी | 73.06 प्रतिशत |
| बीसीबी कैटेगरी | 69.98 प्रतिशत |
| एससी कैटेगरी | 67.82 प्रतिशत |
| डीएससी कैटेगरी | 57.04 प्रतिशत |
| ईडब्ल्यूएस कैटेगरी | 78.20 प्रतिशत |
| जनरल कैटेगरी की कट ऑफ | 64 प्रतिशत |
| बीसीए कैटेगरी | 46.00 प्रतिशत |
| बीसीबी कैटेगरी | 48.00 प्रतिशत |
| एससी कैटेगरी | 60.00 प्रतिशत |
| डीएससी कैटेगरी | 54.00 प्रतिशत |
| ईडब्ल्यूएस कैटेगरी | 60.00 प्रतिशत |

**22 जुलाई तक दस्तावेजों की करवाएं जांच**

"उन आवेदनकर्ताओं के प्रमाण पत्र सत्यापन और शुल्क फीस जमा करने की तिथि 22 जुलाई तक रहेगी। अधिक जानकारी वेबसाइट से ले सकते हैं।

-प्रो. रामपाल सैनी, कुलपति, सीआरएसयू जींद

पंजाब केसरी
TUE,22 JULY 2025
EDITION: JIND KESARI, PAGE NO. 4

# चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय ने जारी की पहली मैरिट लिस्ट





*चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में मैरिट लिस्ट के बाद दस्तावेजों की जांच करवाते विद्यार्थी।*

जींद, 21 जुलाई (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में स्नातकोत्तर (पी.जी.) पाठ्यक्रमों में लिखित परीक्षा के आधार पर सत्र 2025-2026 के प्रवेश के लिए 16-17 जुलाई तक संपन्न हुई प्रवेश परीक्षा के बाद सोमवार को पहली मैरिट सूची जारी कर दी गई है। यह मैरिट सूची विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर उपलब्ध है। स्नातक स्तर (यू.जी.) कोर्स में दाखिले को लेकर भी आवेदन प्रक्रिया के बाद पहली मैरिट सूची (एकैडमिक मैरिट) के आधार पर जारी कर दी गई है। आवेदनकर्त्ता विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर जाकर अपने विभाग की मैरिट सूची देख सकते हैं।

**ये दस्तावेज लाने होंगे साथ :** सी.आर.एस.यू. के पब्लिक रिलेशन आफिसर डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि आवेदनकर्त्ता प्रमाण पत्र सत्यापन के लिए सभी डॉक्यूमैंट्स जैसे आय प्रमाण पत्र, 10वीं, 12वीं, स्नातक उपाधि व सभी मार्कशीट, चरित्र प्रमाण पत्र, हरियाणा मूल निवास प्रमाण पत्र, गैप ईयर संबंधित शपथ पत्र आदि दस्तावेज लेकर आना जरूरी है। प्रथम मैरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले आवेदनकर्त्ताओं को 22 जुलाई शाम 4 बजे तक डॉक्यूमैंट वैरीफिकेशन और फीस जमा कराना अनिवार्य है। विश्वविद्यालय की दूसरी मैरिट लिस्ट 24 जुलाई को सुबह 10 बजे लगेगी।

## बैचलर आफ बिजनैस एडमिनिस्ट्रेशन (बी.बी.ए.)

| | |
|---|---|
| जनरल कैटेगरी की कट ऑफ | 80.68% |
| **बी.सी.ए. कैटेगरी** | **73.06** |
| बी.सी.बी. कैटेगरी | 69.98 |
| **एस.सी. कैटेगरी** | **67.82** |
| डी.एस.सी. कैटेगरी | 57.04 |
| **ई.डब्ल्यू.एस. कैटेगरी** | **78.20** |

## बी.ए. एल.एल.बी. (आनर्स)

| | |
|---|---|
| जनरल कैटेगरी की कट ऑफ | 64 |
| **बी.सी.ए. कैटेगरी** | **46.00** |
| बी.सी.बी. कैटेगरी | 48.00 |
| **एस.सी. कैटेगरी** | **60.00** |
| डी.एस.सी. कैटेगरी | 54.00 |
| **ई.डब्ल्यू.एस. कैटेगरी** | **60.00** |

## 22 को होगी डाक्यूमैंट वैरीफिकेशन, जमा होगी फीस : वी.सी.

**चौधरी** रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने बताया कि पहली मैरिट सूची में जिन छात्रों का स्थान आया है उनके प्रमाण पत्र सत्यापन (डॉक्यूमैंट वैरीफिकेशन) और शुल्क फीस जमा करने की तिथि और 21-22 जुलाई तक रहेगी। पहली मैरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर विश्वविद्यालयी शिक्षा विभागों (यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमैंट) के तहत आने वाले सभी पाठ्यक्रमों की पहली प्रवीणता सूची (मैरिट) उपलब्ध है।

आवेदनकर्त्ता मैरिट के अनुसार 21 और 22 जुलाई को विश्वविद्यालय पहुंचकर अपने दस्तावेजों को डॉक्यूमैंट वैरीफिकेशन कराकर निर्धारित शुल्क (एडमिशन फीस) जमा करके प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया एडमिशन से संबंधित कोई भी समस्या आने पर हैल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

हरिभूमि

Date: 22.07.2025

## 22 जुलाई को होगी डाक्यूमेंट वेरिफिकेशन, जमा होगी फीस : वीसी

# विश्वविद्यालय ने जारी की पहली मेरिट लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में लिखित परीक्षा के आधार पर सत्र 2025-2026 के प्रवेश के लिए 16-17 जुलाई तक संपन्न हुई प्रवेश परीक्षा के बाद सोमवार को पहली मेरिट सूची जारी कर दी गई है। यह मैरिट सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। स्नातक स्तर (यूजी) कोर्स में दाखिले को लेकर भी आवेदन प्रक्रिया के बाद पहली मेरिट सूची अकेडमिक मेरिटद्ध के आधार पर जारी कर दी गई है। आवेदनकर्ता विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर अपने विभाग की मेरिट सूची देख सकते हैं। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने बताया कि पहली मेरिट सूची में जिन छात्रों का स्थान आया है, उन आवेदनकर्ताओं के प्रमाण पत्र सत्यापन (डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन) और शुल्क फीस जमा करने की तिथि और 21-22 जुलाई तक रहेगी। पहली मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर विश्वविद्यालयी शिक्षा विभागों (यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट) के तहत आने वाले सभी पाठ्यक्रमों की पहली प्रवीणता सूची (मेरिट) उपलब्ध है। आवेदनकर्ता मेरिट के अनुसार 21 और 22 जुलाई को विश्वविद्यालय पहुंच कर अपने दस्तावेजों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन करा कर निर्धारित शुल्क (एडमिशन फीस) जमा करके प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया एडमिशन से संबंधित कोई भी समस्या आने पर हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।



### ये दस्तावेज साथ

आवेदनकर्ता प्रमाण पत्र सत्यापन के लिए सभी डॉक्यूमेंट्स जैसे आय प्रमाण पत्र, दसवीं, बारहवीं, स्नातक उपाधि वह सभी मार्कशीट, चरित्र प्रमाण पत्र, हरियाणा मूल निवास प्रमाण पत्र, गैप ईयर संबंधित शपथ पत्र आदि दस्तावेज लेकर आना जरूरी है। प्रथम मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले आवेदनकर्ताओं को 22 जुलाई शाम चार बजे तक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और फीस जमा कराना अनिवार्य है। विवि की दूसरी मेरिट लिस्ट 24 जुलाई को सुबह 10 बजे लगेगी।

जागरण

Date: 22.07.2025

# सीआरएसयू ने जारी की पहली मेरिट लिस्ट आज शाम चार बजे तक जमा करवाएं फीस

## बीबीए में 80.68 प्रतिशत रही जनरल कटआफ, 24 को जारी होगी दूसरी मेरिट लिस्ट

जागरण संवाददाता •जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में लिखित परीक्षा के आधार पर प्रवेश के लिए 16 व 17 जुलाई को हुई प्रवेश परीक्षा के बाद सोमवार को पहली मेरिट सूची जारी की गई। मेरिट सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। स्नातक कोर्स में दाखिले को लेकर भी आवेदन प्रक्रिया के पश्चात पहली मेरिट सूची (एकेडमिक मेरिट) के आधार पर जारी कर दी गई है। आवेदनकर्ता विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर अपने विभाग की मेरिट सूची देख सकते हैं। पहली मेरिट सूची में जिन विद्यार्थियों का नाम आया है, उनके प्रमाण पत्र सत्यापन और शुल्क फीस जमा करने की तिथि 22 जुलाई तक रहेगी।

**वेबसाइट पर मेरिट सूची देख सकते विद्यार्थी :** वीसी प्रोफेसर रामपाल सैनी ने बताया कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर विश्वविद्यालय टीचिंग डिपार्टमेंट के तहत आने वाले सभी पाठ्यक्रमों की पहली मेरिट सूची उपलब्ध है। अभ्यर्थी मेरिट के अनुसार 22 जुलाई तक विश्वविद्यालय पहुंचकर अपने दस्तावेजों का सत्यापन करवा कर दाखिला फीस जमा करवा सकते हैं।

**ये दस्तावेज जरूरी :** विश्वविद्यालय पीआरओ डा. अरुण कुमार ने बताया कि आवेदनकर्ता प्रमाण पत्र सत्यापन के लिए आय प्रमाण पत्र, 10वीं, 12वीं, स्नातक उपाधि व, सभी मार्कशीट, चरित्र प्रमाण पत्र, हरियाणा मूल निवास प्रमाण पत्र, गैप ईयर संबंधित शपथ पत्र आदि दस्तावेज लेकर आएं।

प्रथम मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले आवेदनकर्ताओं को 22 जुलाई शाम चार बजे तक दस्तावेज सत्यापन और फीस जमा करवाना अनिवार्य है। दूसरी मेरिट लिस्ट 24 जुलाई को सुबह 10 बजे लगेगी।



पहली मेरिट लिस्ट मे शामिल विद्यार्थी दस्तावेजों का सत्यापन करवाते हुए। • सौ. विवि

### पीजी कोर्स में दाखिले के लिए 28 तक कर सकते आवेदन

कालेजों मे पीजी कोर्स मे दाखिले को लेकर उच्चतर शिक्षा विभाग ने शेड्यूल जारी किया है। विद्यार्थी 28 जुलाई तक पोर्टल पर आनलाइन आवेदन कर सकते है। कालेजों की दाखिला कमेटी 29 जुलाई तक दस्तावेजों की जांच करेगी। 30 जुलाई को पहली प्रोविजनल और 31 जुलाई को मेरिट लिस्ट जारी होगी। पहली मेरिट लिस्ट मे जिन विद्यार्थियों का नाम आएगा, वे एक से चार अगस्त तक फीस जमा करवा सकेंगे। उसके बाद खाली बची सीटों पर पांच अगस्त से फिजिकल काउंसिलिंग के तहत दाखिले होंगे। छह अगस्त को दोबारा पोर्टल खोला जाएगा।

### संकाय अनुसार मेरिट लिस्ट

बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) में

जनरल कैटेगरी की कट आफ : 80.68 %

बीसी ए कैटेगरी : 73.06%

बीसी बी कैटेगरी : 69.98%

एससी कैटेगरी : 67.82 %

डीएससी कैटेगरी : 57.04%

ईडब्ल्यूएस कैटेगरी : 78.20%

बीए एलएलबी (आनर्स)

जनरल कैटेगरी की कट आफ : 64 %

बीसी ए कैटेगरी : 46 %

बीसी बी कैटेगरी : 48 %

एससी कैटेगरी : 60 %

डीएससी कैटेगरी : 54 %

ईडब्ल्यूएस कैटेगरी : 60%